**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, न्यायाधीश, तरूणमित्र न्यूज,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 20.08.2025

### लेढ़ूपुर में चार मंजिला अनधिकृत भवन ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को चार मंजिला अनधिकृत भवन ध्वस्त कराया गया। सारनाथ के लेढ़ूपुर में दिलीप कुमार गुप्ता की ओर से 1800 वर्ग फीट में 4 मंजिला अवैध निर्माण किया गया था। जिसे वीडीए की प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त कराया।

भवन स्वामी ने वीडीए से मानचित्र पास नहीं कराया था। कई बार नोटिस दिया गया था, जवाब न देने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। सौरभ जोशी, श्री प्रकाश कुमार, विनोद कुमार मौजूद रहे। वीडीए उपाध्यक्ष ने अपील की है कि वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। उधर, वीडीए की ओर से मंगलवार को शोरूम के अवैध निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। शिवपुर वार्ड के सिकरौल के अरविंद कुमार दुबे ने दो तल के आवास का शमन मानचित्र पेश किया था, जिसे वीडीए ने स्वीकृत किया।



**शिवपुर में सील अवैध निर्माण।** स्रोत : वीडीए

मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक उपयोग के लिए शोरूम के लिए ग्लास, फसाड लगाने का काम किया जा रहा था। नोटिस देकर अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। जोनल अधिकारी शिवजी मिश्रा और अवर अभियंता रोहित कुमार की देखरेख में कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 20.08.2025

### वीडीए कराएगा तीन पार्कों का सुंदरीकरण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा ने मंगलवार को शिवपुर स्थित इंद्रपुर में कांशीराम आवास योजना में बने पार्कों के रख-रखाव के लिए रेजीडेंट वेलफेयर एसो. (आरडबल्यूए) को हस्तांतरण करने को लेकर बैठक की। सचिव ने बताया कि कांशीराम आवास योजना में तीन पार्क है, इन पार्कों का सुंदरीकरण कराया जाना है। सुंदरीकरण के बाद पार्कों को रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सौंप दिया जाएगा जिससे देखरेख हो सके।

## दैनिक जागरण–दि0 20.08.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण किया सील, दूसरा कराया क्षतिग्रस्त

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि शिवपुर वार्ड के सेंट्रल जेल रोड पर अरविंद कुमार दुबे पहले आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराए थे। बाद में शमन मानचित्र स्वीकृत कराया लेकिन निर्माण व्यवसायिक कर रहे थे। उक्त भवन को सील करने के साथ पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। साथ में अवर अभियंता रोहित कुमार समेत टीम थी। जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश ने बताया कि लेढ़ूपुर में दिलीप गुप्ता 1800 वर्ग फीट में चार मंजिल निर्माण कराए थे।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 20.08.2025

### नवाचार व उद्यमिता में निहित हैं व्यापक संभावनाएं-पुलकित गर्ग

**एसएमएस में आयोजित एमबीए के तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आईएएस पुलकित गर्ग ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), वाराणसी में तीन दिवसीय एमबीए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन दिवस नए बैच के लिए एक यादगार उपलब्धि बन गया। श्री पुलकित गर्ग, आईएएस (2016 बैच) और वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। 23 वर्ष की आयु में प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले श्री गर्ग ने अपने समर्पण, अनुशासन और परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण से युवाओं के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन सूत्र साझा करते हुए कहा कि सच्ची सफलता किसी के पद में नहीं, बल्कि उस बदलाव में निहित है जो वह करता है, चाहे वह गाँव हो, शहर हो या संगठन प्रभावी नेतृत्व के मूल मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्री गर्ग ने हितधारक प्रबंधन, प्रभावी संचार, अनुकूलनशीलता और सत्यनिष्ठा के




महत्व पर बल दिया। छात्रों को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने नवाचार, उद्यमिता और दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा संचालित भारत में मौजूद विशाल अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अवसर उपहार में नहीं मिलते। ये निरंतर प्रयास, जोखिम उठाने के साहस और प्रतिदिन सीखने के अनुशासन से बनते हैं इस संवादात्मक सत्र में छात्रों ने श्री गर्ग के साथ उनकी सिविल सेवा तैयारी की रणनीति, उनकी अनुशासित दिनचर्या और हज़ारों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली नीतियों को लागू करते समय आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।अतिथि का स्वागत करते हुए एसएमएस वाराणसी के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि छात्रों के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपनी एमबीए की यात्रा शुरू करना सौभाग्य की बात है, जो न केवल परिवर्तनकारी नीतियों की कल्पना करते हैं, बल्कि उन्हें क्रियान्वित भी करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. पल्लवी पाठक ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन [illegible] कार्यक्रम समन्वयक प्रो. [illegible] पाण्डेय ने किया। इस अवर[illegible] एम. पी. सिंह अधिशासी स[illegible] संजय गुप्ता कुलसचिव, प्रो. संदीप सिंह विभागाध्यक्ष, प्रबंधन एवं जनसंचार, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।

8

## न्यायाधीश–दि0 20.08.2025

### कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर स्थित पार्कों के रख-रखाव हेतु आर.डबल्यू.ए. को हस्तांतरण संबंधी बैठक सम्पन्न



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर स्थित पार्कों के रख-रखाव हेतु रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर.डबल्यू.ए.) को हस्तांतरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।बैठक में अवगत कराया गया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ङमान्यवर कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर में 03 पार्कों का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराया जा रहा है। इन पार्कों के पूर्ण होने के उपरांत शासनादेशानुसार इनके रख-रखाव का दायित्व स्थानीय निकाय अथवा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर.डबल्यू.ए.) को सौपा जाना है।इस अवसर पर डूडा (District Urban Development Authority) की परियोजना अधिकारी निधि वाजपेयी तथा कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर की आर.डबल्यू.ए. के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।ङ बैठक में पार्कों के भविष्य में रख-रखाव एवं प्रबंधन से संबंधित विषयों पर प्राधिकरण अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के बीच विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चूँकि वर्तमान में गठित आर.डबल्यू.ए. सक्रिय नहीं है, अतः नयी आर.डबल्यू.ए. का पुनर्गठन किया जाए। बैठक में संबंधित प्राधिकरण अधिकारी एवं आर.डबल्यू.ए. प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

न्यायाधीश—दि0 20.08.2025

## वीडीए जोन-01 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित




वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-01 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-शिवपुर, मौजा-सिकरौल के अन्तर्गत अरविन्द कुमार दुबे द्वारा दिनांक 29.04.2024 को बी0जी0+2 तलों का आवासीय शमन मानचित्र प्रस्तुत किया, जो दिनांक 07.05.2025 को स्वीकृत हुई। पक्ष द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक उपयोग (शोरूम) हेतु ग्लास/फसाड लगाने का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुये दिनांक 19.08.2025 को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया है। आख्या अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। मौके पर जोनल अधिकारी शिवजी मिश्रा एवं अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश—दि0 20.08.2025

## जोन-02 में 04 तल के अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-02 में 04 तल के अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-सारनाथ, मौजा-लेढ़ूपुर के अंतर्गत दिलीप कुमार गुप्ता द्वारा ङलगभग 1800 वर्ग फीट क्षेत्रफल में निर्मित 04 मंजिलाङ अवैध निर्माण पर प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।मौके पर सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, जोनल अधिकारी श्री प्रकश कुमार एवं अवर अभियंता विनोद कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।


# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 20.08.2025

### नवाचार व उद्यमिता में निहित हैं व्यापक संभावनाएं: पुलकित गर्ग




एसएमएस में एमबीए के छात्रों को सम्बोधित करते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में तीन दिवसीय एमबीए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन दिवस नए बैच के लिए एक यादगार उपलब्धि बन गया। पुलकित गर्ग, आईएएस (2016 बैच) और वीडीए के उपाध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। 23 वर्ष की आयु में प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले श्री गर्ग ने अपने समर्पण, अनुशासन और परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण से युवाओं के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन सूत्र साझा करते हुए कहा कि सच्ची सफलता किसी के पद में नहीं, बल्कि उस बदलाव में निहित है जो वह करता है, चाहे वह गाँव हो, शहर हो या संगठन। संवादात्मक सत्र में छात्रों ने श्री गर्ग के साथ उनकी सिविल सेवा तैयारी की रणनीति, उनकी अनुशासित दिनचर्या और हजारों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली नीतियों को लागू करते समय आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।

**एमबीए के तीन दिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम के समापन पर समारोह**

अतिथि का स्वागत एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने किया। संचालन प्रो. पल्लवी पाठक, धन्यवाद एमबीए का समन्वयक प्रो. अमिताभ पाण्डेय ने . इस अवसर पर डॉ. एमपी सिह (अधिशासी सचिव), संजय गुप्ता (कुलसचिव), प्रो. संदीप सिंह (विभागाध्यक्ष, प्रबंधन एवं जनसंचार), संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।

8

## तरुणमित्र न्यूज–दि0 20.08.2025

### वीडीए सचिव की अध्यक्षता में आरडबल्यूए को हस्तांतरण संबंधी बैठक सम्पन्न

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर स्थित पार्कों के रख-रखाव हेतु रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर.डबल्यू.ए.) को हस्तांतरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें अवगत कराया गया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मान्यवर कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर में 3 पार्कों का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराया जा रहा है। इन पार्कों के पूर्ण होने के उपरांत शासनादेशानुसार इनके रख-रखाव का दायित्व स्थानीय निकाय अथवा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर.डबल्यू.ए.)



वीडीए सचिव डा. वेदप्रकाश मिश्रा बैठक की अध्यक्षता करते हुए

को सौंपा जाना है। इस अवसर पर डूडा (District Urban Development Authority) की परियोजना अधिकारी निधि वाजपेयी तथा कांशीराम आवास योजना, इंद्रपुर शिवपुर की आर.डबल्यू.ए. के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में पार्कों के भविष्य में रख-रखाव एवं प्रबंधन से संबंधित विषयों पर प्राधिकरण अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के बीच विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चूँकि वर्तमान में गठित आर.डबल्यू.ए. सक्रिय नहीं है, अत: नयी आर.डबल्यू.ए. का पुनर्गठन किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्राधिकरण द्वारा जो कार्य स्थल पर संचालित है उसमे वेंडर्स का सहयोग किया जाये। बैठक में संबंधित प्राधिकरण अधिकारी एवं आर.डबल्यू.ए. प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

10:16 am